तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025



4
महाजेनको कोल परियोजना शुरू करने ग्रामीणों ने की मांग






## खबर संक्षेप

### शुभम बने मिस्टर आइडल छत्तीसगढ़

**रायगढ़।** राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय फैशन शो में रायगढ़ के रेलवे बंगला पारा निवासी शुभम चौहान ने मिस्टर आइडल 2025 का खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया। यह आयोजन निहार प्रोडक्शन हाउस द्वारा वुड कैसल होटल में तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित हुआ। शुभम ने पारंपरिक, फंकी और वेस्टर्न तीनों राउंड में दमदार प्रस्तुति दी। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी किसान की भूमिका में उनके अभिनय ने सबका दिल जीत लिया। स्टाइलिंग में केतन अर्मारकर का मार्गदर्शन रहा। शुभम ने इस उपलब्धि को अपने पिता लक्ष्मण चौहान और पूरे रायगढ़ को समर्पित किया।

### अग्रसेन जयंती के लिए समाज की बैठक आज

**रायगढ़।** नगर के अग्र समाज द्वारा प्रतिवर्ष अपने कुल पुरोधा महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती 22 सितंबर को है। जिसके लिए अग्र समाज ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। इसवर्ष भी जयंती को बड़े ही उत्साह एवं वृहद रूप से मनाया जाएगा। जयंती की रूपरेखा तैयार करने हेतु कल 8 अगस्त शुक्रवार को शाम 4 बजे स्थानीय अग्रसेन भवन ;गांधी प्रतिमाद्ध में अग्र समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। समाज के सभी सदस्यों को इस बैठक में अधिक से अधिक उपस्थित होकर जयंती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है। उक्त प्रेस विज्ञप्ति प्रकाश निगानिया ने जारी की।

### बिना लाइसेंस के चल रहा था गोदाम, किया सील

**सारंगढ़।** खादय सुरक्षा विभाग की रायगढ़ टीम द्वारा सारंगढ़ के मनोज किराना स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। टीम ने मनोज किराना स्टोर्स के द्वारा बिना लाइसेंस के संचालित खाद्यान्न गोदाम पर कार्रवाई करते हुए वहां विक्रय करने के उद्देश्य से संग्रहित करके रखे हुए फर्म जय लहरी ट्रेडर्स गोंदवारा रायपुर द्वारा विनिर्मित, अपूर्ण व त्रुटियुक्त लेवल डिस्प्ले मिथ्या छाप खाद्य पदार्थ सूरजमुखी फ़रसान फ्लोर आटा लगभग 450 किलोग्राम मात्रा 15 बोरा को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत अधिग्रहण ;जब्तीद्ध कर संबंधित खाद्य कारोबारी की ही अभिरक्षा में रुपए 27000 के प्रतिभू.बंध का निष्पादित करते हुए रखा गया है। इसके अलावा विक्रय करने हेतु संग्रहित सूरजमुखी फ़रसान फ्लोर आटा गुणवत्ता एवं मिलावट होने की शंका पर जप्त किए गए खाद्य पदार्थ का नमूना संकलन कर जांच एवं विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सूरजमुखी फ़रसान फ्लोर आटा विनिर्माता और स्थानीय विक्रेता दोनों से ही इस संबंध में नोटिस देकर विवेचना शुरू कर दिया गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद विधि अनुसार कार्रवाई किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग जिले में लोक स्वास्थ्य के लिए गुणवत्तापूर्ण मानक व स्वच्छता से विनिर्मित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के लिए प्रतिबद्ध है।

### 10 माह के मासूम को ले जा रहा था अपहरणकर्ता, 3 लाख में बेचने की थी प्लानिंग

# बोरी में बंद था मासूम, बाहर दरिंदा

# बच्चे की एक आवाज ने बिगाड़ दी साजिश



**घटनाक्रम को ऐसे समझें**

- बुधवार की रात 2 बजे राज सारथी के घर में घुसा।
- रात करीब 2.20 बजे बच्चे की आवाज सुनकर परिजन जगे।
- रातभर आरोपी को बांध कर रखे और लोगों को जानकारी दी।
- सुबह मोहल्ले की महिला-पुरूषों ने आरोपी को जमकर पीटा।
- सुबह में ही आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया।
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जेल भेज दिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र के वार्ड 41 में देर रात ओडिशा के एक युवक द्वारा घर घुस कर 10 माह के मासूम बच्चे को बोरी में भर कर उसे ले जाया जा रहा था। इसी बीच बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजनों की नींद खुली तो उन्होंने आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मासूम को 3 लाख रुपए बेचने वाला था, लेकिन वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्चा चोरी करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिससे जिलेवासियों के रोंगटे खड़े हो गए हैं। इस घटना से जिला ही नहीं प्रदेशस्तर में भी हड़कंप मचा हुआ है। वहीं पालक अब अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। दरअसल टुर्कमुड़ा टिकरापारा निवासी राज सारथी बुधवार की रात अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर में सो रहा था। रात करीब 2 बजे एक अज्ञात युवक इनके घर में प्रवेश किया और मां के साथ सो रहे 10 माह के बच्चे रोहन सारथी को गोद में उठा कर वहीं पड़े बोरी भर दिया। इसके बाद आरोपी बोरी को रस्सी से बांध कर ले जा ही रहा था कि बच्चा जोर से रोने लगा, जिससे उसके माता-पिता की नींद खुल गई। तब उन्होंने सामने एक युवक व बोरी के भीतर अपने जीगर के टुकड़े को देखा। इसके बाद परिजनों ने बिना देर किए आरोपी को लपक कर पकड़ लिया।

#### आरोपी की मानसिक हालत नहीं ठीक

पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपी से पूछताछ करने पर लग रहा था कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। क्योंकि कोई भी उससे कुछ सवाल पूछता तो वह कुछ भी जवाब देने लग जाता था। बताया जा रहा है कि आरोपी की दो पत्नी हैं, एक ओडिशा तो दूसरी झारखंड में रहती है। कभी आरोपी मासूम को झारखंड ले जाने की बात कहता तो कभी जिंदल प्लांट ले जाना बताता। वहीं पुलिस द्वारा जिंदल में कौन रहता है पूछने पर कोई नहीं बोलता था। इस तरह वह कुछ भी बातें कह कर पुलिस को गुमराह कर रहा था। हालांकि सचमुच उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है या वह पुलिस की जांच से बचने के लिए ऐसा ढोंग कर रहा था यह जांच का विषय है।

#### मोहल्लेवासियों ने बांध कर पीटा

आरोपी को पकड़ने के बाद परिजनों ने उसे बांध कर रात भर रखा। इस बीच उसकी पिटाई भी होती रही। रात में ही पीड़ित परिजनों द्वारा मामले की सूचना मोहल्लेवासियों को दे दी गई थी। सुबह तक तो मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इसके बाद भीड़ का गुस्सा फूट पड़ा और मोहल्ले के महिला-पुरूषों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुरेश मुंडा (42) निवासी सुंदरगढ़ ओडिशा बताया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया है।

#### घर पर नहीं है दरवाजा इसी का उठाया फायदा

पुलिस ने बताया कि आरोपी सुरेश मुंडा बीते चार दिनों से जूटमिल क्षेत्र में लावारिश हालत में घूम रहा था। बुधवार की रात वह टुर्कुमुड़ा टिकरापारा राज सारथी के घर पहुंच गया। चूंकि वह नशे में था और देखा कि राज सारथी के घर में दरवाजा नहीं पर्दा लगा था तो वह अंदर प्रवेश कर गया। वहीं सामने बच्चे को देख उसे उठा कर ले जाने की कोशिश करने लगा, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया।

#### आरोपी ने भीड़ को बताया अपना प्लान

भीड़ ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह एक बच्चे को 3 लाख रुपए में बेचता है और इस मासूम को भी उसी दाम में ओडिशा के किसी कृष्णा नामक व्यक्ति को बेचने वाला था। जिससे तो लग रहा है कि यह किसी गिरोह का सक्रिय सदस्य है। हालांकि पुलिस का कहना है कि छत्तीसगढ़ सहित आसपास प्रांतों में बीते कई सालों में इस तरह के मामले नहीं आए हैं। आरोपी नशे में था, शायद इसलिए इस तरह का कदम उठाया होगा।

> जूटमिल क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 41 में बच्चे को बोरी में भर ले जाने की शिकायत मिली थी। जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं उससे पूछताछ की आगे की कार्रवाई की जा रही है।
>
> **आकाश मरकाम**
> एएसपी, रायगढ़

### राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर बोराई नदी पुल क्षतिग्रस्त

**रायगढ़।** बिलासपुर से रायगढ़ होते हुए ओडिशा सीमा को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पर स्थित बोराई नदी पुल का एक हिस्सा हाल ही में क्षतिग्रस्त हो गया है। यह पुल भा ठा गां व और बरगढ़ के मध्य स्थित है, जिसमें तीन स्पैन बने हुए हैं। पुल का पहला स्पैन जो



बिलासपुर की ओर है गंभीर क्षति की स्थिति में आ गया है, जिसके कारण यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यातायात को पूर्ण रूप से 45 दिनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग द्वारा तत्काल कदम उठाए गए हैं। ईई एनएच बिलासपुर नितेश तिवारी ने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, जिसमें नवीन स्लैब ढलाई शामिल है। इस कार्य के दौरान राजमार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। प्रशासन ने इस अवधि में नागरिकों की सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए 1.5 किलोमीटर लंबे पुराने बीटी सतह युक्त मार्ग को वैकल्पिक रूप से चिन्हित किया है। यह मार्ग भाठागांव से बरगढ़ तक है और पूरी तरह से चालू अवस्था में है। छोटे-बड़े सभी प्रकार के वाहन इस मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें, मार्ग पर लगाए गए संकेतों और चेतावनियों का पालन करें और सावधानीपूर्वक यात्रा करें ताकि मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। यह प्रतिबंध आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा, जिसे स्थिति की समीक्षा के बाद पुनः संशोधित किया जा सकता है।

## डीलर ने नहीं भेजा ऑक्सीमीटर अब कंपनी को देना होगा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इण्डिया मार्ट इंटर मेस लिमिटेड के डीलर ने अग्रिम राशि लेने के बावजूद ऑक्सीमीटर नहीं भेजा। इस पर पीड़ित ने उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया। फोरम ने उभयपक्ष की सुनवाई के बाद कंपनी के डीलर को 80 हजार रुपए तथा मानसिक क्षति व वाद व्यय के लिए 15 हजार रुपए प्रदान करने का आदेश जारी किया है।

जानकारी के अनुसार इंडिया मार्ट इंटर मेस लिमिटेड कंपनी ऑनलाईन शॉपिंग एप है। रायगढ़ के मधुबनपारा निवासी अद्वितीय भूषण गोस्वामी पिता इन्द्रभूषण गोस्वामी ने ऐप पर सर्च कर व्यवसाय के लिए ऑक्सीमीटर खरीदने कंपनी के एप से संपर्क किया। इस पर कंपनी की ओर से रायपुर के डीलर पुरूषोत्तम साहू उर्फ राजीव से ऐप के माध्यम से सीधे संपर्क कराया गया। वहीं अद्वितीय ने 20 अप्रैल 2021 को कंपनी के डीलर पुरूषोत्तम साहू से संपर्क कर ऑक्सीमीटर की जानकारी मांगी। इसके बाद अद्वितीय ने 24 अप्रैल 2021 को फोन पे के माध्यम से पुरूषोत्तम साहू को 1 लाख 30 हजार रुपए भिजवाए। सम्पूर्ण राशि प्राप्त होने के बाद सामान दो तीन दिन में डिलीवरी हो जाना व्यक्त किया गया लेकिन चार दिन व्यतीत हो जाने के बाद भी सामान की डिलीवरी न होने पर उसने कंपनी को सूचित किया। जिसमें कंपनी प्रबंधन द्वारा पुरूषोत्तम साहू से सम्पर्क करने पर उसने कहा कि वह दो सौ नग ऑक्सीमीटर प्रदान नहीं कर सकता और वह राशि वापस कर देगा। वहीं दो तीन दिन में अलग-अलग किश्तों में 50 हजार रुपए भेजने के बाद शेष रकम 80 हजार रुपए देने में आनाकानी करने लगा। अद्वितीय भूषण गोस्वामी ने उपभोक्ता फोरम में आवेदन देकर राशि वापस दिलाने व क्षतिपूर्ति दिलाने की फरियाद की थी। फोरम अध्यक्ष छमेश्वरलाल पटेल एवं सदस्यद्वय राजेन्द्र पाण्डेय व राजश्री अग्रवाल ने उभय पक्ष की सुनवाई करते हुए परूषोत्तम साहू को सेवा में कमी करने एवं अनुचित व्यपार व्यवहार करना पाये जाने पर पुरूषोत्तम साहू को ओदशित किया है कि शेष बची रकम 80 हजार तथा क्षतिपूर्ति के रूप में 10 हजार रुपए एवं वाद व्यय 5 हजार रुपए अद्वितीय भूषण को प्रदान किया जाए।

## स्वतंत्रता पर्व के पूर्व सारंगढ़ में गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर

**सारंगढ़।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सारंगढ़ में जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 1000 स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारत माता की जय, जय जवान जय किसान, वंदे मातरम् जैसे गगनभेदी नारों से पूरे नगर को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि उपज मंडी परिसर से हुई। जहाँ अतिथियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी राजकीय गीत का समूहगान प्रस्तुत किया गया। इसके बाद जिला एवं जनप्रतिनिधियों ने यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक केराबाई मनहर, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, सतीश शर्मा, टीकाराम पटेल, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे सहित प्रशासनिक और शैक्षणिक अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ रैली की अगुवाई की। यह रैली कृषि मंडी से प्रारंभ होकर भारत माता चौक, नंदा चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए बस स्टैंड तक पहुंचा और पुनः मंडी परिसर में इसका समापन हुआ।

## हरिभूमि में छपी खबर के बाद हरकत में आया प्रशासन, एकलव्य स्कूल की शिफ्टिंग शुरू





हरिभूमि

साँपों के गढ़ में आदिवासी बच्चे पढ़ने और रहने को मजबूर

एकलव्य स्कूल में काल का साया: रेंगती मौत गिरते प्लास्टर से बच्चों की जान पर खतरा..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। आदिवासी बच्चों की सुरक्षा को लेकर आनन-फानन में खरसिया ब्लॉक के छोटे मुड़पार स्थित एकलव्य आदिवासी आदर्श स्कूल को खरसिया के ही ग्राम चोढ़ा स्थित कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिफ्ट किया जा रहा है। जिससे अब यहां बच्चों को जर्जर भवन के छत का प्लास्टर गिरने और जहरीले सापों का खतरा नहीं रहेगा।

दरअसल छोटे मुड़पार स्थित एकलव्य आदिवासी आदर्श स्कूल काल का साया बन गया था। यहां रोजाना जहरीले सांप निकलने के अलावा स्कूल भवन भी अति जर्जर अवस्था में होने से क्लासरूम सहित अन्य कमरों में छत का प्लास्टर गिर रहा था। इस तरह आदिवासी बच्चों की जान पर खतरा मंडरा रहा था। इस मुद्दे को हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। इसके बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इस ओर गंभीरता दिखाई और त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूल को शिफ्ट करने का आदेश जारी किया। इसके बाद स्कूल को चोढ़ा में शिफ्ट किया जा रहा है। कुछ ही दिनों में शिफ्टिंग का काम पूरा हो जाएगा।

#### जिपं अध्यक्ष रविन्द्र ने जताया आभार

जिपं अध्यक्ष रविन्द्र गबेल ने कहा कि जब उन्हें एकलव्य स्कूल के जर्जर हालत की जानकारी हुई तो वो स्कूल व हॉस्टल का निरीक्षण करने मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद इस मुद्दे को जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में उठाया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव व कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की है। वहीं अब बच्चों को चोढ़ा के कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिफ्ट किया जा रहा है। इसके लिए मैं जिपं सीईओ और कलेक्टर का आभार व्यक्त करता हूं, वहीं इस मामले को प्रमुखता से उठाने के लिए हरिभूमि अखबार को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

> एकलव्य आदिवासी आदर्श स्कूल की शिफ्टिंग चोढ़ा के कन्या विद्यालय में शिफ्टिंग शुरू हो गई है। कन्या विद्यालय के लिए नई बिल्डिंग बनने पर यह स्थान रिक्त था। यहां जगह बहुत बड़ा है और भवन की हालत भी ठीक है। इसलिए बच्चों को पढ़ने और रहने में कोई परेशानी नहीं होगी। दो दिन में शिफ्टिंग का काम पूरा हो जाएगा।
>
> **प्रवीण तिवारी**
> एसडीएम, खरसिया।

### रायगढ़ शहर में ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

## एनआईटी के स्मार्ट मोबिलिटी प्लान से ट्रैफिक होगी सुव्यवस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ शहर की यातायात समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ी पहल की जा रही।स्मार्ट मोबिलिटी प्लान से शहर की ट्रैफिक सुव्यवस्थित होगी। इसके लिए जिला प्रशासन, निगम प्रशासन ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी रायपुर के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते के तहत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थितए सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इससे आने वाले समय में शहर के लोगों को सुव्यवस्थित ट्रैफिक की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर एवं जिला शहरी विकास सोसायटी के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदीए नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय और एनआईटी रायपुर के प्रतिनिधियों के मध्य जिला कार्यालय में स्मार्ट मोबिलिटी प्लान पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग एमओयू समझौते पर जिला प्रशासन और एनआईटी के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार एनआईटी रायपुर की विशेषज्ञ टीम जल्द ही रायगढ़ पहुंचेगी और शहर के 5 प्रमुख बिंदुओं पर गहन अध्ययन कर यातायात संबंधी व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगी। यह रिपोर्ट शहर की वर्तमान स्थिति, ट्राफिक समस्याओं और इसके संभावित स्थाई समाधान की स्पष्ट दिशा तय करेगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि यह समझौता भीड़भाड़, अनियंत्रित ट्रैफिक और वायु प्रदूषण जैसी समस्याओं से निजात दिलाने की दिशा में ठोस कदम है। यह पहल रायगढ़ के नागरिकों को बेहतरए सुरक्षित और सहज परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी। नगर निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय ने एमओयू की प्रमुख बिंदुओं की जानकारी देते हुए बताया कि मोबिलिटी प्लान के उद्देश्य और क्षेत्र निर्धारण के तहत शहरी गतिशीलता के लक्ष्य तय कर योजना क्षेत्र की पहचान की जाएगी। वर्तमान स्थिति का तकनीकी विश्लेषण के अंतर्गत मौजूदा यातायात ढांचे, ट्रैफिक पैटर्न और परिवहन साधनों का डेटा संकलन एवं विश्लेषण किया जाएगा। बिजनेस एज यूजुअल परिदृश्य का निर्माण के तहत वर्तमान व्यवस्था में कोई हस्तक्षेप न होने की स्थिति में भविष्य की ट्रैफिक स्थिति का पूर्वानुमान तैयार किया जाएगा। सतत एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन परिदृश्य का विकास के तहत दीर्घकालिक, हरित और टिकाऊ विकल्पों पर आधारित परिदृश्य निर्मित किए जाएंगे और अर्बन मोबिलिटी प्लान का निर्माण के अंतर्गत उपरोक्त सभी विश्लेषणों के आधार पर एक समेकित, व्यवहारिक और आधुनिक योजना तैयार की जाएगी। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने इसे शहर के लिए व्यवस्थित और विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया।




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

- ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
- FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने की रणविजय से भेंट

**जशपुरनगर।** जशपुर शहर मंडल चुने जाने के पश्चात मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी और उनके मंडल की टीम के साथ आराम निवास पैलेस पहुंच जहां जशपुर रियासत की ऐतिहासिक विरासत से सजे आराम निवास पैलेस में बुधवार को एक विशेष राजनितिक समागम देखने को मिला है। दर्जनों कार्यकर्ता राजघराने के राजा रणविजय सिंह जूदेव से मुलाकात करने पहुंचे। राजा रणविजय सिंह जूदेव ने सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में कार्य करते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि, पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ताओं निहित होती है और सभी को एकजुट रहते हुए समर्पण भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर, युवराज यश प्रताप सिंह जुदेव ने भी सबको मिलकर कार्य करने ओर बीजेपी की विचारधारा को आम जानो तक पहुंचाए जाने की बात कहीं।

### प्रभारी अधीक्षिका को सौंपा नए छात्रावास का प्रभार

**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशानुसार आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त ने प्रयास आवासीय बालिका छात्रावास जशपुर के सुचारू रूप संचालन के दृष्टिकोण से जशपुर विकासखण्ड के शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर के प्रभारी अधीक्षिका श्रीमती सुमित्रा प्रधान को आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रयास आवासीय बालिका छात्रावास, जशपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपे हैं। इसके साथ ही प्रयास आवासीय बालिका छात्रावास जशपुर के सहायक शिक्षिका, (प्रभारी अधीक्षिका) श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते को मूल पदस्थापना संस्था शासकीय पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम शाला जशपुर, विकास खण्ड - जशपुर, हेतु वापस किया गया है। संबंधितों के वेतन-भत्ते का आहरण पूर्वत मूल पदस्थापना संस्था से होगा।

### सीईओ ने ली महिला समूह की जानकारी



**जशपुरनगर।** बगीचा विकास खंड के ग्राम पंचायत कुटमा में निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय केंद्र में 8 स्व सहायता समूह की महिलाओं को विगत दिवस कचरा प्रबंधन के कार्य हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया।जिसमें एस बी एम,बिहान की सरपंच सचिव और महिला बाल विकास के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार के बहुउद्देशीय केंद्र का निरीक्षण किया और महिलाओं से ग्राम पंचायत में चल रहे आवास निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने बहुउद्देशीय केंद्र में चल रहे कार्य को दो दिवस में पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत जनपद सीईओ और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ड्यूटी के दौरान नशे में धुत आरक्षक निलंबित

जशपुरनगर। पत्थलगांव क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान वर्दी में नशे की हालत में पाए जाने के आरोप में जशपुर पुलिस के आरक्षक क्रमांक 446 अलबर्ट एक्का को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शशि मोहन सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने इस घटना को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। दिनांक 5 अगस्त 2025 को आरक्षक अलबर्ट एक्का को रक्षित केंद्र जशपुर से न्यायालय पत्थलगांव में वारंट पेशी ड्यूटी पर भेजा गया था। ड्यूटी के दौरान वह शराब के नशे में वर्दी पहने हुए एक स्थानीय दुकान की टेबल पर लेटा हुआ पाया गया। इसका वीडियो क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाला गया, जो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में साफ देखा गया कि आरक्षक सार्वजनिक स्थान पर वर्दी में बेसुध पड़ा हुआ है।

## मरीजों एवं परिजनों के लिए उत्तम भोजन व्यवस्था के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर तमता का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को तमता में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने प्रतिदिन पंजीयन की जानकारी लेते हुए दवा वितरण की स्थिति का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने दवा वितरण की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल में नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए।

उन्होंने ड्रेसिंग रूम, आयुष्मान कक्ष, जनरल वार्ड, ओपीडी, प्रसव कक्ष, पैथोलॉजी लैब, पीएनसी कक्ष, आयुष कक्ष, नवजात शिशु देखभाल कक्ष, दवा भंडार, कोल्डचेन कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ के ड्यूटी चार्ट का निरीक्षण करते हुए आपातकालीन संपर्क हेतु मोबाइल नम्बर भी अंकित करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने जनरल वार्ड में निरीक्षण के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा खाने



मरीजों का निरीक्षण करते कलेक्टर।

की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों हेतु उत्तम खाने की व्यवस्था स्थानीय स्वसहायता समूहों के माध्यम से करने के निर्देश दिए। शौचालयों का निरीक्षण कर उसकी मरम्मत, साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पैथोलॉजी लैब में संचालित जांच सुविधाओं का चार्ट लगाने एवं सीएमएचओ को कुछ जांच हेतु आवश्यक रेसिन की जल्द से जल्द उपलब्धता करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एन्टी रेबीज एवं एंटी स्नेक वैनम दवाइयों की उपलब्धता के साथ आपातकालीन व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली तथा स्वास्थ्य केंद्र में खराब पड़े एम्बुलेंस को राइट ऑफ करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त रात्रिकालीन आपात सुविधाओं के लिए चिकित्सकों हेतु ड्यूटी रूम की व्यवस्था करने को कहा। इस अवसर पर एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन, जनपद पंचायत सीईओ आकांक्षा रानी गुप्ता, सीएमएचओ डॉ.जीएस जात्रा, सरपंच सीता बाज, बीएमओ डॉ.प्रवीण किंडो, सेक्टर चिकित्सक डॉ.राजेन्द्र निषाद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तमता का आकस्मिक निरीक्षण



विकासखंड पत्थलगांव के तमता स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय का बुधवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली।उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी पढ़ाई और अन्य समस्याओं पर चर्चा की। इस बीच बच्चे अपने बीच कलेक्टर को पाकर बहुत खुश नजर आए। कलेक्टर ने शिक्षकों को नवाचारों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को कहा। उन्होंने सभी कमरों में उचित लाइटिंग, फैन, पेंटिंग, सफाई के साथ साथ कमरों की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव के जनप्रतिनिधियों को स्कूल के कर्मचारियों के साथ मिलकर सभी को स्वच्छता का संदेश देने हेतु स्कूल के आस पास श्रमदान अभियान चलाने के निर्देश दिए। बिना हेलमेट के किसी भी शिक्षक या कर्मचारी के स्कूल आने पर उनपर जुर्माना लगाने हेतु कलेक्टर ने निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निकट बने पुराने जर्जर छात्रावास भवन के नवनिर्माण हेतु प्रस्ताव निर्माण करवाने को कहा। इस अवसर पर एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन, जनपद पंचायत सीईओ आकांक्षा रानी गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. जीएस जात्रा, सरपंच सीता बाज सहित स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।



# एक साथ तीन डाक्टर छुट्टी पर प्रियवंदा ने जताई नाराजगी

■ व्यवस्था सुधारने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को लिखा पत्र

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने बुधवार को राजा देवशरण जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान मातृ शिशु वार्ड शिशु गहन चिकित्सा वार्ड की व्यवस्थाओं और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मातृ शिशु वार्ड में निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन व्हीके इंदवार ने उन्हें बताया कि चिकित्सालय में तीन महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना है और तीनों ही अवकाश पर है। इस पर नाराजगी जताते हुए जूदेव ने एक साथ तीनो चिकित्सकों को छुट्टी दिये जाने का गलत बताते हुए मरीजों के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय का सोनोग्राफी सेवा भी बंद मिली। सीएस इंदरवार का कहना था कि चिकित्सालय में रेडियोलाजिस्ट ना होने के कारण सोनोग्राफी नहीं हो पा रहा है। रेडियोलाजिस्ट की पोस्टिंग के लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा है। चिकित्सालय मे उपचाररत मरीजों ने अस्पताल में खून जांच ना होने की शिकायत भी की। सीएस का कहना था कि खून जांच के लिए आवश्यक एजेंट (रसायन) के ना होने के कारण जांच काम प्रभावित हो रहा है। सीएस ने बताया कि जरूरी एजेंट के लिए शासन को मांग पत्र भेजा गया है।

# पत्थलगांव में मेगा पालक-शिक्षक सम्मेलन

**पत्थलगांव।** पालक शिक्षक बैठक आयोजित किए जाने का मुख्य उद्देश्य पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चों के प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों के भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित करना एवं पालको शिक्षक के बीच समाधान के प्रयास किया जाना मुख्य उद्देश्य रहा ।

सर्वप्रथम पालक शिक्षक सम्मेलन के मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष संजय लोहिया ,विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय बंसल ,जितेंद्र गुप्ता, मुकेश अग्रवाल ,पत्रकार ,डॉ बी एल भगत की मौजूदगी में पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया ।अतिथियों का विद्यालय परिवार की तरफ से पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तत्पश्चात माता सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर माता सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम की




सम्मेलन में उपस्थित अभिभावक।

शुरुआत की गई ।कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ो की संख्या में पालक ने अपनी समस्याओं के बारे में शिक्षकों से संवाद किया गया ।आत्मानंद स्कूल के व्याख्याता बरसात पैकरा द्वारा पालक शिक्षक संवाद के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा ,बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों की आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण की जानकारी ,जाति आय निवास प्रमाण पत्र के संबंध में विस्तृत चर्चा , विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता परीक्षा छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी व चर्चा पास्को एक्ट 2012 का व्यापक प्रचार प्रसार करना, छात्रों की दिनचर्या के संबंध में अभिभावकों से चर्चा करना ,घर के वातावरण को किस तरह से बच्चों के अनुकूल बनाना, बच्चा बोलेगा बेझिझक के संबंध में चर्चा करना जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला गया ।

### बिलासा देवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की ओर से राज्य में मत्स्य विकास के क्षेत्र म् उत्कृष्ट कार्य करने वाले मत्स्य पालक, मत्स्य कृषक, सहकारी संस्थाएँ एवं अशासकीय संगठन को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके तहत श्रीमती बिलासा देवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए दिये जाने की व्यवस्था शासन की ओर से की गई है। पुरस्कार के लिए आवेदन-पत्र जिला स्तर पर मछलीपालन विभाग के कार्यालय में आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है। आवेदक निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। पुरस्कार प्राप्त करने का मापदंड व शर्ते मछलीपालन विभाग के जिला कार्यालय एवं विभाग की वेबसाईट पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# रौनियर महिला शक्ति ने मनाया सावन उत्सव

**जशपुरनगर।** रौनियार महिला शक्ति के द्वारा बहुत ही धूमधाम के साथ सावन उत्सव संपन्न किया गया यह कार्यक्रम जायका रेस्टोरेंट में किया गया। जिसमें रौनियार समाज की 60 बहनों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे रैंप वॉक, सावन क्वीन कॉन्टेस्ट, गेम, नृत्य, गीत और प्रश्नों की झड़ी थे।

कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि कश्यप के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात रौनियार महिला शक्ति की अध्यक्ष सीमा गुप्ता के द्वारा उपस्थित समस्त महिलाओं को संबोधित करते हुए सावन की बधाई देकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कल्पना गुप्ता और वीणा गुप्ता के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। नृत्य की प्रस्तुति भारती गुप्ता ,वीणा एवं निशा गुप्ता, संध्या डॉली गुप्ता,



सावन उत्सव में शामिल रौनियार समाज की महिलाएं।

संध्या गुप्ता, संगीता गुप्ता और रितु गुप्ता के द्वारा दी गई। रजनी गुप्ता के द्वारा कविता प्रस्तुत की गई। बीच-बीच में कार्यक्रम को नया अंदाज देने के लिए रेनू गुप्ता के द्वारा प्रश्न भी पूछे जा रहे थे जिसके लिए सभी जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। बहुत ही आकर्षक गेम भी इस दौरान कराया गया जिसमें म्यूजिक रुकने पर जिनके पास भी पिलो हो उन्हें दिए गए शब्दों जैसे पायल, रिमझिम ,टिप टिप, बलमा, साजन ,सावन,दिल, दीवाना जैसे शब्दों से गीत गाना था जो गीत नहीं गा पाए उन्हें गेम से बाहर किया गया। इस गेम राउंड में रजनी गुप्ता प्रथम, सुनीता गुप्ता द्वितीय एवं माला गुप्ता तृतीय रही।

# केशलापाठ में पर्यटकों की सुविधा व्यवस्था के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ कलेक्टर ने केशलापाठ एवं घोघरा डैम में पर्यटन विस्तार हेतु किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** विकासखंड पत्थलगांव के तमता स्थित प्रसिद्ध केशलापाठ एवं घोघरा डैम का बुधवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन क्षेत्रों में पर्यटन की संभावनाओं के विकास एवं पर्यटन द्वारा लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से चर्चा की। इस हेतु सर्वप्रथम वे केशलापाठ पहुंचे।

जहां हर वर्ष पौष पूर्णिमा के दूसरे दिन मेले का आयोजन किया जाता है। यह क्षेत्र यहां के रहवासियों के लिए पूज्यनीय



एवं वंदनीय है। इस स्थान के प्रति लोगों की आस्था और महाभारत युग से जुड़े इसके इतिहास के बारे में स्थानीय लोगों ने कलेक्टर को जानकारी दी। कलेक्टर ने इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए मेला स्थल पर मंच निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, लाइटिंग की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव निर्माण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्थानीय आस्था के अनुसार नंगे पैर केशलापाठ में चढ़कर क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय लोगों से चर्चा की। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए ऊपर सुरक्षा हेतु रेलिंग, कुंडों की सफाई, पानी बोतल बैन, मंदिर निर्माण, विश्राम स्थल निर्माण पर विस्तृत चर्चा की।

### घोघरा डैम में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का होगा निर्माण

कलेक्टर ने घोघरा डैम का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से यहां के पर्यटन क्षमताओं पर चर्चा करते हुए, इसे एक वृहद पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु चर्चा की। जहां उन्होंने होम स्टे नीति के तहत निर्माणाधीन होम स्टे का निरीक्षण किया। जिसमें व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए शौचालय, विद्युतीकरण के कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डैम में पानी के उचित स्तर की व्यवस्था कर यहां के वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं के विकास पर चर्चा की डैम में मोटर बोट, पैडल बोट, स्पीड बोट, फ्लोटिंग जेट्टी जैसे वाटर स्पोर्ट्स के संचालन हेतु व्यवस्था निर्माण करने के निर्देश दिए। इसके लिए पानी का स्तर सुनिश्चित करने हेतु जल संसाधन विभाग निरीक्षण एवं सर्वे करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने इन वाटर स्पोर्ट्स के संचालन एवं प्रबंधन हेतु स्थानीय स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाने को कहा। उन्होंने डैम में केज फ़र्शिंग के द्वारा मछली उत्पादन के लिए युवाओं

# शासकीय प्राथमिक शाला तेन्दूपारा के सहायक शिक्षक निलंबित

**जशपुरनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर द्वारा पत्थलगांव विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला तेन्दूपारा के सहायक शिक्षक एलबी संजय नायक को उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देश का पालन करने में कोई रूचि नहीं लेने तथा स्वेच्छाचारित अपनाने के मामले में उनके उक्त कृत्य छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के सर्वथा विपरीत तथा कदाचरण की श्रेणी होने से छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड बगीचा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। विदित हो कि जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर के आदेश 04 जून 2025 द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला तेन्दूपारा संकुल लुड़ेग में श्रीमती शालेन कुजूर को पदस्थ किया गया है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव के कार्यालयीन पत्र 10 जुलाई 2025 द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला तेन्दूपारा के सहायक शिक्षक एलबी संजय नायक द्वारा संबंधित श्रीमती शालेन कुजूर को संस्था में कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जा रहा है। इस संबंध में कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव के पत्र 11 जून 2025 के द्वारा उर्पयुक्त संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब शासकीय प्राथमिक शाला तेन्दूपारा के सहायक शिक्षक एलबी श्री संजय नायक के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है।

## 35 गौवंश तस्करों से मुक्त, एक तस्कर गिरफ्तार, 6 की तलाश जारी

# ऑपरेशन शंखनाद में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गौ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन शंखनाद" के तहत जशपुर पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने चौकी सोनक्यारी क्षेत्र के ग्राम ओरकेला से 35 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया, जबकि एक तस्कर को मौके से गिरफ्तार किया गया है।इस कार्रवाई में तस्कर जंगल में भाग खड़े हुए, लेकिन पुलिस की सतर्कता से 58 वर्षीय जेरोम एक्का को दबोच लिया गया। पकड़ा गया आरोपी नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोटया, जोकबहला का निवासी बताया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनक्यारी पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि कुछ लोग 30 से 35 गौवंशों को बेरहमी से हांकते हुए ग्राम गुल्लू से ओरकेला होते हुए झारखंड ले जा रहे हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर



तस्करों से बरामद मवेशी।

चौकी प्रभारी व टीम ने झाड़ियों और जंगलों के बीच घेराबंदी कर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस को देख तस्कर घबराकर भागने लगे। जंगल का फायदा उठाकर कई तस्कर फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने पीछा कर एक तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार तस्कर से जब पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम जेरोम एक्का बताया। वह न तो पशुओं से संबंधित कोई वैध दस्तावेज दिखा सका और न ही यह स्पष्ट कर पाया कि उन्हें कहां ले जाया जा रहा था। पुलिस ने तुरंत सभी 35 गौवंशों को कब्जे में लेकर पशु चिकित्सक से उनका परीक्षण कराया। प्राथमिक जांच में पशुओं को पीटे जाने और अमानवीय व्यवहार की पुष्टि हुई है।

### 6 तस्कर चिह्नित, होगी गिरफ्तारी

पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस तस्करी में और 6 लोग शामिल थे। ये लोग आसपास के गांवों से गौवंश खरीदकर जेरोम को ओरकेला तक पहुंचाने को कहते थे, बदले में उसे कुछ पैसे दिए जाते थे। ओरकेला से आगे झारखंड की सीमा तक किसी और के जिम्मे तस्करी की योजना थी।पुलिस ने सभी 6 तस्करों की पहचान कर ली है, जिनकी तलाश में छापेमारी जारी है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

### मामला दर्ज, जेल भेजा गया तस्कर

इस पूरे मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।पकड़े गए आरोपी जेरोम एक्का को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जांच जारी है और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अभी कई खुलासे बाकी हैं।

# सुरक्षित सुबह, बोरोडिपा में लगे सीसीटीवी कैमरे



**पुसौर।** जनजागरूकता एवं सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य कर रहे लायन्स क्लब रायगढ़ द्वारा सुरक्षित सुबह अभियान के अंतर्गत पुसौर क्षेत्र के बोरोडिपा चौक में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। जिसका विधिवत उद्घाटन सीएसपी एवं आईपीएस अधिकारी मयंक मिश्रा के करकमलों से किया गया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक कार्यों में पहचान बना चुके लायन्स क्लब की यह पहल अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम मानी जा रही है। क्लब के सक्रिय सदस्य और रायगढ़ निवासी ठेकेदार प्रकाश अग्रवाल की अगुवाई में यह कार्य पूर्ण हुआ, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन का भी सक्रिय सहयोग रहा। उद्घाटन समारोह में लायन्स क्लब के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन अग्रवाल, सदस्य संजु छावड़ा, प्रकाश मिरानिया, संजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, थाना प्रभारी रामकिंकर यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश थवाईत, एएसआई नायक, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र जेना सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने जानकारी दी कि शहर में बढ़ती दुर्घटनाएं, चोरी और उठाईगिरी जैसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर लायन्स क्लब ने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को चौक-चौराहों पर सीसीटीवी लगाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे सुरक्षित सुबह अभियान के अंतर्गत स्वीकृति मिली। इसी पहल के तहत पहले भी रायगढ़ में कैमरे लगाए गए थे।



# बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने पर वरुण ने काटा केक

**मुंबई।** वरुण धवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में वरुण की स्वर्ण मंदिर से कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं। वहीं, बुधवार को निर्माताओं ने एक पोस्ट के जरिए वरुण की बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। ये खास तस्वीरें बॉर्डर 2 के सेट के दौरान की हैं। इन तस्वीरों में निर्देशक अनुराग सिंह, निर्माता भूषण कुमार और वरुण अपनी को-स्टार मेधा राणा के साथ नजर आ रहे हैं। वरुण की ये तस्वीरें 'बॉर्डर 2' के रैप-अप शेड्यूल की हैं। वहीं एक तस्वीर में वरुण केक काटते बेहद खुश नजर आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'वरुण ने बॉर्डर 2 के लिए अपना शेड्यूल पूरा किया।

लाइफ Style

# जान्हवी ब्राइडल लुक में आईं नजर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म परम सुंदरी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच उनका एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह ब्राइडल लुक में नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

जान्हवी कपूर को मसाबा गुप्ता ने दुल्हन के रूप में पेश किया है। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जान्हवी अलग-अलग ब्राइडल लुक में दिखीं। उन्होंने भूरा लहंगा, सिंदूरी लाल लहंगा, लाल बस्टियर के साथ लहंगा स्कर्ट, धोती स्कर्ट और ब्लाउज के साथ कई शानदार पोज दिए। इन लहंगों की हर डिजाइन में जरदोजी, सेक्विन, गोटा पट्टी कढ़ाई, लटकन और झालरों का खूबसूरत काम दिखाई दे रहा है। जान्हवी ने इन लुक्स को सोने के गहनों, आकर्षक मेकअप और फूलों से सजे हेयर स्टाइल के साथ पूरा किया। जान्हवी के इस लुक पर राजकुमार राव की पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा ने लाल दिल वाला इमोजी शेयर किया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों को जान्हवी का ब्राइडल लुक पसंद आया। एक फैन ने लिखा, 'मसाबा ब्राइडल में करीना की झलक दिखी, वो सबसे ऊपर थीं', एक और फैन ने लिखा, 'अद्भुत', एक और फैन ने लिखा, 'वह बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं', एक और फैन ने लिखा, 'जान्हवी ने श्रीदेवी जी की याद दिला दी उनकी आंखें शानदार हैं।' एक फैन ने लिखा, 'यह लुक सपनों जैसा है। तो वहीं कुछ फैन ने इस लुक को 'आइकॉनिक' बताया।



## हॉलीवुड मसाला



# द हॉवर्ड स्टर्न शो बंद होने की संभावना

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एंकर हॉवर्ड स्टर्न का मशहूर 'द हॉवर्ड स्टर्न शो' 1986 से 2005 तक पूरे अमेरिका में स्थानीय रेडियो पर प्रसारित किया गया था। 2006 से यह शो सिरियसएक्सएम रेडियो पर प्रसारित हो रहा है। अब ताजा जानकारी के अनुसार, यह शो अनुबंध समाप्त होने की वजह से बंद किया जा सकता है। मशहूर रेडियो शो 'द हॉवर्ड स्टर्न शो' जल्द खत्म हो सकता है, क्योंकि प्रसिद्ध हॉवर्ड स्टर्न का सिरियसएक्सएम के साथ 5 साल का 500 मिलियन डॉलर का अनुबंध खत्म होने वाला है।



# केली मैक को द एलीफेंट गार्डन से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'वॉकिंग डेड' में अपनी भूमिका से मशहूर केली मैक के निधन से पूरे मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। महज 33 साल की उम्र में एक्ट्रेस का जाना हर किसी को हैरान कर रहा है। केली मैक का जन्म 10 जुलाई 1992 को अमेरिका के सिनसिनाटी शहर में हुआ था। अभिनेत्री के जन्म के समय का नाम केली लिन क्लेबेनो था। एक्ट्रेस ने बहुत कम उम्र से ही एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी थी। केली मैक को पहली बार साल 2008 में 'द एलीफेंट गार्डन' से पहचान मिली, जिसके लिए उन्हें टिश स्कूल ऑफ आर्ट्स का एक्टिंग अवार्ड भी मिला। इसके बाद एक्ट्रेस ने वेब सीरीज वॉकिंग डेड से लोगों के बीच अपनी जगह बनाई। इसके अलावा अभिनेत्री ने एनिमेटेड फिल्म स्पाइडर मैनः इनटू द स्पाइडर वर्स में ग्वेन स्टेसी की आवाज दी थी।



# अश्लीलता फैलाने का लगा आरोप...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री श्वेता मेनन इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं, हालांकि इसकी वजह उनकी कोई फिल्म या प्रोफेशनल प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक कानूनी विवाद है। दरअसल, अभिनेत्री पर अश्लीलता फैलाने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिनके चलते उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ये मामला एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है, जिसमें अभिनेत्री पर कुछ फिल्मों और विज्ञापनों में अश्लील और नग्न अवस्था में सीन दिखाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता मार्टिन मेनाचेरी ने कोर्ट में याचिका दायर कर ये दावा किया कि श्वेता ने पैसा कमाने के लिए फिल्मों और विज्ञापनों में आपत्तिजनक सीन किए, जिनका प्रसार बाद में सोशल मीडिया और एडल्ट वेबसाइट्स के जरिए से किया जा रहा है।



# बेचैन कर देगी अंधेरा वेब सीरीज की कहानी

**मुंबई।** हॉरर कहानियों का अपना रोमांच होता है। डर से कांपना, खौफ में एक आंख बंद कर के भी पर्दे पर उस मंजर को देखना। यदि आप मनोरंजन की दुनिया में ऐसे ही थ्रिल से राबता रखते हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। एक नई सुपरनैचुरल हॉरर वेब सीरीज आ रही है। नाम है 'अंधेरा', जिसमें सुरवीन चावला, प्राजक्ता कोली, वत्सल सेठ और प्रिय बापट जैसे दमदार कलाकार रूह से चीख निकालने आ रहे हैं। यह सीरीज इसी महीने ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका पहला पोस्टर और रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। यह वेब सीरीज इसी महीने 14 अगस्त 2से स्ट्रीम होगी। वेब सीरीज के क्रिएटर गौरव देसाई कहते हैं, 'अंधेरा' बनाना मेरे लिए सबसे अच्छा और खुशी देने वाला अनुभव रहा है।

## टीवी मसाला



# 11 साल बाद दर्शकों को अलविदा कहने वाला है 'कुमकुम भाग्य'

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल कुमकुम भाग्य अब दर्शकों को अलविदा कहने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह सीरियल जल्द ही ऑफ एयर होगा। शो को बंद करने का कारण चैनल ने भी साझा किया है। साथ ही कुमकुम भाग्य की जगह पर दर्शकों को एक नया सीरियल भी देखने को मिलेगा। साल 2014 में सीरियल कुमकुम भाग्य शुरू हुआ। अब तक इस सीरियल में तीन पीढ़ियां बदल चुकी हैं। इस सीरियल को पिछले कुछ साल में काफी अच्छी टीआरपी मिली, दर्शकों के बीच यह पॉपुलर हो गया था। लेकिन, कुछ वक्त से इसकी टीआरपी लगातार गिर रही है। ऐसे में चैनल ने इसे बंद करने का फैसला लिया है। कुमकुम भाग्य को एक नया टीवी सीरियल रिप्लेस करेगा। इस नए सीरियल का नाम गंगा माई की बेटियां हैं। इस नए सीरियल को रवि दुबे और सरगुन मेहता अपने प्रोडक्शन हाउस तले बना रहे हैं। गंगा माई की बेटियांमें अमनदीप सिद्धू, शीजान खान और शुभांगी लाटकर लीड रोल में होंगे। इस सीरियल को अभी टाइम स्लॉट नहीं मिला है, लेकिन कुमकुम भाग्य ऑफ एयर होते ही यह नया सीरियल दर्शकों को देखने को मिलेगा।

## मनचाहा किरदार मिलते ही 'शक्तिमान' पर बनेगी फिल्म

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाला सबसे चर्चित शो शक्तिमान प्रत्येक बच्चों की पहली पसंद था। अभिनेता मुकेश खन्ना ने



शक्तिमान के किरदार को घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया था। पॉपुलर शो शक्तिमान पर इस समय फिल्म बनाने की बात चल रही है, जिसकी घोषणा कोरोना वायरल के आने से पहले हुई थी। लेकिन, ऐलान के बाद से ही मेकिंग को लेकर कोई अपडेट नहीं है। अब सुपरस्टार मुकेश खन्ना ने फिल्म को लेकर ऐसी बात कह दी है, जो फैंस को परेशान कर रही है। मुकेश खन्ना ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं सब झूठ है, शक्तिमान फिल्म नहीं आएगी। 'रुकावट के लिए खेद है, यह फिल्म अटकी हुई है और इसका कारण मैं खुद हूं, क्योंकि मुझे शक्तिमान चाहिए।' आगामी फिल्म शक्तिमान के लिए पेपरवर्क का काम हो गया है और सोनी लिव के साथ एग्रीमेंट भी साइन हो चुका है। अभिनेता को मनचाहा किरदार मिलते ही फिल्म शुरू हो सकती है। मुकेश खन्ना ने फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं लेकिन वह टीवी पर शक्तिमान और पितामह भीष्म का किरदार निभाकर दर्शकों के बीच मशहूर हो गए।

# 120 बहादुर से पहले इन फिल्मों में भी दिखी भारत-चाइना वॉर की कहानी

*नई दिल्ली। निर्माता-निर्देशक और अभिनेता फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 120 बहादुर को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 120 बहादुर की कहानी 1962 की भारत-चाइना युद्ध के दौरान रेजांग ला की असली बहादुरी से जुड़ी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर जारी किया गया है। इस टीजर में दिखाया गया है कि कैसे 120 भारतीय सैनिक हजारों दुश्मनों के सामने मजबूती से खड़े रहे और इतिहास बना दिया। 120 बहादुर 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में फरहान अख्तर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। 120 बहादुर से पहले भी कई बॉलीवुड फिल्मों में भारत-चाइना युद्ध की कहानी को दिखाया गया है।*

**पलटन** : जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित पलटन एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। साल 1962 में भारत चीन से युद्ध हार गया था। उस युद्ध के बाद ठीक पांच साल बाद चीन की सेना ने एक बार फिर से भारतीय सीमा में हमला कर दिया था। दरअसल, उस वक्त भारतीय सेना नाथू ला से सेबू ला (सिक्किम) तक फेंसिंग कर रही थी और चीनी सेना ये नहीं चाहती थी। चीनी सेना ने एक बार फिर से उसी जीत को याद करते हुए आक्रमण कर दिया था। भारतीय जवानों ने मोर्चा संभाला और चीन के सैनियों का हौसला पस्त कर दिया। किस तरह भारतीय जवानों ने अपने देश के लिए युद्ध किया, किस तरह चीन के सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब दिया, पलटन में इसी कहानी को दिखाया गया है।



**72 हॉवर्सः मार्टियर हू नेवर डाइड** : 72 हॉवर्स मार्टियर हू नेवर डाइड सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। इसमें राइफलमैन जसवंत सिंह रावत की कहानी को दिखाया गया है। जसवंत सिंह रावत ने 1962 में हुए इंडो-चाइना वॉर में मुश्किल हालातों के बीच दुश्मनों को मौत के घाट उतारा था। फिल्म जसवंत सिंह रावत की वीरता को दिखाती है।

**1962: द वॉर इन द हिल्स** : 1962: द वॉर इन द हिल्स एक वेब सीरीज है, जिसका निर्देशन महेश मांजरेकर ने किया है। सीरीज में भारत-चाइना के बीच के युद्ध की कहानी को दिखाया गया है। इसमें जवानों की जांबाजी के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी में चल रही उथल-पुथल को भी बखूबी दिखाया गया है। 10 एपिसोड की इस सीरीज अभय देओल, सुमित व्यास और माही गिल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन संग नजर आईं सारा कैमरा देखते ही आया गुस्सा...

**मुंबई।** मनोरंजन की दुनिया में अक्सर ऐसे वीडियोज सामने आते हैं, जो नेटिजंस के मन में कई सवाल खड़े करते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान, अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ दिख रही हैं। इस वीडियो के आते ही अफवाहों का बाजार एक बार फिर से गरम होता दिख रहा है और यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। आइए देखें वीडियो। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सारा अली खान अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड अर्जुन प्रताप बाजवा संग किसी दुकान के बाहर नाश्ता करती दिख रही हैं। दोनों को काफी सिंपल लुक में देखा गया, जिसमें एक्ट्रेस ने ब्लैक टॉप संग प्लाजो पहन रखा था, वहीं अर्जुन को ब्लैक चश्मा-टीशर्ट और टोपी लगाए देखा जा सकता है। हालांकि, जब एक्ट्रेस को पता चला कि कोई उनका वीडियो बना रहा है, तो वह गुस्सा हो जाती हैं। इस वीडियो के वायरल होते ही नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने लिखा, आदित्य रॉय का क्या होगा। दूसरे यूजर ने कहा, पापा का नाम रोशन कर रही। एक और यूजर ने लिखा, इनकी शादी करवा दो। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा कि भाई चाय पीने दो। बता दें ये पहली बार नहीं है जब सारा और अर्जुन प्रताप बाजवा साथ नजर आए हैं। इससे पहले भी दोनों की एक तस्वीर गुरुद्वारे से निकलते समय आई थी, जिसमें दोनों एक ही कार में बैठे हुए स्पॉट किए गए थे।





## अनोखे हास्य, शानदार अभिनय और बेजोड़ टाइमिंग के साथ दर्शकों के दिलों में बनाई जगह

# 38 साल में कर चुके हैं 1000 फिल्में, इस एक्टर का नहीं कोई मुकाबला

**नई दिल्ली।** जॉनी लीवर, राजपाल यादव, परेश रावल जैसे सुपरस्टार अपनी कॉमेडी फिल्मों के लिए दर्शकों के बीच मशहूर हैं। जबकि कपिल शर्मा इन दिनों टीवी और ओटीटी शोज के जरिए फैंस को हंसाते हुए नजर आते हैं। लेकिन साउथ के एक सुपरस्टार ऐसे हैं, जिन्होंने ना सिर्फ कॉमेडी में अपनी पहचान बनाई। बल्कि 1000 से ज्यादा फिल्मों में अपनी एक्टिंग के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में रिकॉर्ड भी दर्ज करवाया है। हम बात कर रहे हैं कनेगांति ब्रह्मानंदम, जिन्हें आमतौर पर ब्रह्मानंदम के नाम से जाना जाता है। भारतीय सिनेमा, खासकर से तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री (टॉलीवुड) के सबसे पॉपुलर और चहेते प्रिय कॉमेडियन में से एक हैं। अपने अनोखे हास्य, शानदार अभिनय और बेजोड़ टाइमिंग के साथ, उन्होंने लाखों दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। इसके चलते वह सबसे अमीर कॉमेडियन भी बन गए हैं।



**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है नाम** : ब्रह्मानंदम का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है, क्योंकि उन्होंने एक जीवित एक्टर के रूप में सबसे अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। उनकी फिल्मों की संख्या 1,000 से अधिक है, जो एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। यह रिकॉर्ड उन्होंने केवल 38 साल में हासिल किया, जो उनकी मेहनत और लोकप्रियता का जीता जागता सबूत है।

**रातोंरात बने सुपरस्टार** : उनका फिल्मी सफर 1987 में फिल्म आहा ना पेल्लांटा! से शुरू हुआ, जिसमें निर्देशक जंध्याला ने उन्हें मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद, उन्होंने 1990 के दशक और 2000 के शुरुआती सालों में तेलुगु सिनेमा में खूब नाम कमाया। उनकी कुछ पॉपुलर फिल्में विवाह भोजानमबु (1988), जगदेका वीरुडु अतिलोका सुंदरी (1990), हैलो ब्रदर (1994), मनमधुडु (2002), धी (2007), रेडी (2008), दूकुडु (2011), रेस गुर्रम (2014) शामिल हैं।

## मीम्स के कहलाते हैं भगवान

इसके अलावा, ब्रह्मानंदम ने तमिल, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन उनकी पॉपुलैरिटी तेलुगु सिनेमा में ज्यादा है। उनकी कॉमेडी और अभिनय के कारण उन्हें हास्य ब्रह्मा और मीम्स के भगवान जैसे निकनेम भी मिले हैं। वहीं ब्रह्मानंदम को पद्मश्री (2009)ः भारत सरकार द्वारा दिया गया। यह चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान उनके सिनेमाई योगदान के लिए, छह नंदी पुरस्कार, तेलुगु सिनेमा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, सर्वश्रेष्ठ कॉमेडियन के लिए दो फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ, बेस्ट कॉमेडियन के लिए छह सिनेमाआ अवॉर्ड्स, सबसे ज्यादा फिल्मों में एक्टिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय ने उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया।

## सबसे महंगे कॉमेडियन हैं

ब्रह्मानंदम न केवल भारत के सबसे लोकप्रिय कॉमेडियनों में से एक हैं, बल्कि सबसे अमीर भी हैं। विभिन्न स्त्रोतों के अनुसार, उनकी नेट वर्थ 500 करोड़ रुपए (लगभग 60 मिलियन डॉलर) से अधिक है। यह रकम उन्हें रणबीर कपूर, प्रभास और कपिल शर्मा जैसे कई बड़े सितारों से भी आगे रखती है। ब्रह्मानंदम प्रति फिल्म 1-2 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं, यहां तक कि छोटे रोल या कैमियो के लिए भी। इसके अलावा वह विज्ञापनों और ब्रांड्स के लिए भी मोटी रकम वसूलते हैं। वह प्रोड्यूसर, स्टेज परफॉर्मर और रियलिटी टीवी शो होस्ट के रूप में भी काम करते हैं।

## खबर संक्षेप

### खाद की किल्लत पर भड़के विधायक प्रतिनिधि

**खरसिया।** प्रदेश में डीएपी और यूरिया खाद की भारी किल्लत को लेकर किसान नेता एवं विधायक प्रतिनिधि सुखदेव डनसेना ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में चल रही तिबल इंजन वाली भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार किसानों को खाद जैसी मूलभूत आवश्यकता भी समय पर उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जिससे प्रदेश के किसानों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को मजबूरीवश ब्लैक मार्केट से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा गांव, गरीब और किसानों की बात कर सत्ता में आने का दावा किया गया था, लेकिन आज यह सरकार केवल व्यापारियों और दलालों की हितैषी बन चुकी है, जिसका खामियाजा किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आलोक सम्मानित

**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चंद्रपुर क्षेत्र के कर्मठ कार्यकर्ता आलोक पटेल को संगठन द्वारा सदस्यता सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भाजपा द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में प्रदान किया गया। जिसमें उन्हें सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। आलोक पटेल ने पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान चंद्रपुर व आस-पास के सैकड़ों गांवों में सघन जनसंपर्क कर 3000 से अधिक नए लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। यह उपलब्धि न केवल क्षेत्र में पार्टी की पकड़ को मजबूत करने वाली रही, बल्कि इसने अन्य कार्यकर्ताओं को भी प्रेरित किया है। उनके नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान ने संगठन के विस्तार को नई गति दी है और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच नया उत्साह व जोश भरा है। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, तथा मंडल स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### ओबीसी महासभा ने मनाया अधिकार दिवस

**बिलाईगढ़।** विकासखंड मुख्यालय बिलाईगढ़ में ओबीसी महासभा के बैनर तले मंडल कमीशन अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर जोरदार आवाज़ उठाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू थे। उन्होंने कहा कि जब तक सामाजिक न्याय की पूर्ण स्थापना नहीं होती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। मंडल कमीशन की सिफारिशों के पूर्ण क्रियान्वयन की आवश्यकता है। इस अवसर पर महासभा की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी, सचिव भूपेंद्र साहू, बालोद जिलाध्यक्ष भगवती सोनकर, मनसुख दास, शनिराम साहू , पंचराम साहू, संतोष कुमार साहू, डोलकुमार जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, नन्दकुमार साहू, हेतराम साहू, दशरथ साहू, शत्रुघ्न जायसवाल, रामाधीन यादव, महावीर प्रसाद यादव, राकेश पटेल, गुरुचरण पटेल, जगन्नाथ जायसवाल, रामनारायण साहू, केपी पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित रहे।

### कोरोनाकाल से बंद हुई सेवा अब तक नहीं हो सकी बहाल

# टर्मिनल में पड़े-पड़े कबाड़ हो रही सिटी बसें अधिक किराया देकर सफर करने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सिटी बस की सेवा जिले में चरमरा गई है। कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस अब तक सड़क पर नही ंउतर सकी है। सस्ती और सुगम यातायात की व्यवस्था करते हुए राज्य शासन ने 10 साल पहले सिटी बस सेवा शुरू की थी। यहां 10 बसें आई थी, लेकिन बसें अब जहां तहां पड़े कबाड़ में तब्दील हो रही है। लोगों को आटो एवं निजी बसों में अधिक किराया चुकाकर सफर करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया गया था। यहां 10 बसें आई थी और सभी बसों का परमिट कार्यालय सचिव क्षेत्रिय परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया था। इनमें से सिर्फ पांच बसों का संचालन हुआ। ऐसे में जिलेवासियों को सभी सिटी बसों का लाभ नहीं मिला। जिन मार्गों पर दो-दो बसें चलनी थी उन मार्गों पर एक-एक बस ही चलाया गया। इसके बाद रही सही कसर कोरोनाकाल ने निकाल दी। कोरोनाकाल के समय जो सिटी बस सेवा बंद हुई, वह आज तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इतना ही नहीं शासन द्वारा करोड़ों की लागत से भेजी गई 10 सिटी बसों की हालत भी कंडम हो गई है। ये गाड़ियां जहां तहां खड़ी कबाड़ हो रही है। इन बसों के पहिये, इंजन और बैटरी गायब हो चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। इधर लोगों को नैला रेलवे स्टेशन, चांपा, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जिला अस्पताल के अलावा अकलतरा, बलौदा, बाराद्वार क्षेत्र में सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित अन्य नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले लोगों को लंबे समय से सिटी बस सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है वर्ष 2022 के बाद से सिटी बस सेवा बंद हो गई है। जिसके चलते जांजगीर चांपा, अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

#### ली जाएगी जानकारी

सिटी बसों का संचालन शहर में नहीं हो रहा है। इसकी जानकारी ली जाएगी। वही इस संबंध में फाइल का भी अवलोकन करेंगे।

**-विक्रांत भगत**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
जांजगीर-नैला

#### जिला मुख्यालय में आटो वालों की चांदी

सबसे ज्यादा परेशानी जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, रोजगार कार्यालय, परिवहन कार्यालय आदि जगहों पर जाने में हो रही है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराया देकर आटो में सफर करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने कामकाज को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर पहुंचते हैं। विभिन्न सरकारी दफ्तरों में आने-जाने को लेकर सिटी बस सेवा की शुरुआत की गई थी ताकि लोगों को कम पैसे में आने जाने की सुविधा मिल सके। इधर सिटी बस बंद होने के बाद कामकाज के लिए शहर पहुंचे लोगों को मजबूरन मोटी रकम खर्च करके ऑटो एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से विभिन्न कार्यालय पहुंचने की मजबूरी बनी रहती है। सिटी बस का संचालन जिस समय शुरू हुआ था उसे समय शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी उम्मीदें बंधी थी की सिटी बस चलने के बाद उन्हें भी आने-जाने की सुविधा मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से सिटी बस सेवा बंद होने के बाद लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। इसे लेकर जिम्मेदारों को कोई सरोकार तक नहीं है जिसका खामियाजा शहर सहित आसपास गांव के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

## नशे में धुत प्रधान पाठक स्कूल में सोता मिला, पढ़ाई चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



शिक्षा विभाग की अनदेखी और एक शिक्षक की लापरवाही ने ग्राम मिरचीद के नौनिहालों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत उपरपारा मिरचीद स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक गेंदलाल अमलीवार लंबे समय से विद्यालय से अनाधिकृत अनुपस्थित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे कभी-कभार स्कूल आते हैं, तो नशे में धुत अवस्था में स्कूल परिसर में जमीन पर या कुर्सी पर सोते पाए जाते हैं।

विद्यालय में कुल 65 छात्र पंजीकृत हैं और तीन शिक्षक पदस्थ हैं, परंतु प्रधान पाठक की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के चलते विद्यालय में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई ठप है और उनमें शिक्षा के प्रति रुचि घटती जा रही है। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और अनुशासन पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में इस मामले की शिकायत विकासखंड शिक्षा अधिकारी से की जा चुकी है। अब पुनः ग्राम के सरपंच व जनप्रतिनिधियों ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए प्रधान पाठक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही और स्थानांतरण की मांग की है। उन्होंने पहले दी गई शिकायत की प्रतिलिपि भी साथ संलग्न की है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम और शिक्षक आचार संहिता का यह खुला उल्लंघन अब बर्दाश्त से बाहर है। यदि शीघ्र ही प्रशासन ने इस पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया, तो वे जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब आवश्यकता है कि प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर ऐसे गैर-जिम्मेदार शिक्षक पर सख्त कार्रवाई करें और बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को पुनः सशक्त बनाए।

## नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड में संस्थापक दिवस मनाया गया



**तमनार।** जिंदल उद्योग समूह के संस्थापक, प्रखर राजनेता एवं समाजसेवी ओम प्रकाश जिंदल के 95वें जन्मदिवस के अवसर पर नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड, तमनार में संस्थापक दिवस (फाउंडर्स डे) हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। 7 अगस्त को आयोजित इस कार्यक्रम में नलवा स्टील के डायरेक्टर एवं प्लांट हेड डॉ. एसएस राठी ने श्री जिंदल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा ओपी जिंदल स्कूल, तराईमाल के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राठी ने कहा कि ओपी जिंदल बाबू एक दूरदर्शी उद्योगपति, समाजसेवी और प्रेरणादायी व्यक्तित्व थे, जिन्होंने न केवल जिंदल समूह की मजबूत नींव रखी, बल्कि सामाजिक उत्थान और औद्योगिक विकास में भी अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। उनका जन्म 7 अगस्त 1930 को हरियाणा के नलवा गांव (हिसार) में एक किसान परिवार में हुआ था और उन्होंने अपने जीवन में 'कार्य ही पूजा है' को आत्मसात करते हुए लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बनने का कार्य किया। नलवा स्टील परिवार द्वारा इस दिन को उनके आदर्शों को स्मरण कर, उनके दिखाए रास्ते पर चलने की प्रतिज्ञा के साथ मनाया गया। डॉ. राठी ने कहा, ₹बाबू जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। उनकी मेहनत, दूरदर्शिता और समाज के प्रति उनका समर्पण आज भी हमें आगे बढ़ने की शक्ति देता है। इस अवसर पर नलवा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जिससे आसपास के गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिला। साथ ही समीपवर्ती गांवों के बच्चों को स्कूल आने-जाने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए विशेष बस सुविधा भी प्रारंभ की गई। डॉ. राठी के करकमलों से नव निर्मित प्रशासनिक भवन का पूजन कर उद्घाटन भी किया गया। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्यक्रम स्व. जिंदल जी के सामाजिक समावेश और सतत विकास की भावना को सशक्त करने की दिशा में उठाया गया कदम है। नलवा स्टील उनके सपनों और आदर्शों को साकार करने हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहेगा।

### बांसउरकुली में पालक शिक्षक बैठक संपन्न

**बिलाईगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला, बांसउरकुली में पालक-शिक्षक मिलन का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार डडसेना ने बैठक का शुभारंभ करते हुए पालकों को संबोधित किया कि बच्चों के विकास में शिक्षक और पालक दोनों की समान भूमिका होती है। उन्होंने कहा, "बच्चों में नैतिक मूल्य, अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास घर और विद्यालय दोनों के सहयोग से ही संभव है। बैठक में कक्षा अनुसार शिक्षकों ने बच्चों की व्यक्तिगत प्रगति रिपोर्ट साझा की। जीतेन्द्र गिरि गोस्वामी ने कमजोर छात्रों की पहचान, अतिरिक्त अभ्यास की आवश्यकता, और प्रतिभावान बच्चों की विशेषताओं पर चर्चा की। पालकों ने भी बच्चों की आदतों, मोबाइल के दुरुपयोग जैसी समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। इस कार्यक्रम में 25 से अधिक पालकों की भागीदारी रही।

## कांग्रेस ने किया बिजली दफ्तर का घेराव, प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रदेश में 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ करने वाली योजना को बंद करने के राज्य सरकार के निर्णय के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ के बैनर तले बुधवार को बिजली दफ्तर के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय परिसर का घेराव किया और नारेबाजी की। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदर्शन से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के मध्य से एक सामूहिक विरोध रैली निकाली जो रामनिवास टॉकीज चौक से होते हुए बिजली विभाग कार्यालय पहुंची। हाथों में तख्तियां बैनर और झंडे लिए हुए कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए योजना को तत्काल बहाल करने की मांग की। कार्यालय पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया और उन्हें जनविरोधी नीति चलाने वाला बताया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रकाश नायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसे गरीबों से कोई सरोकार नहीं है। 400 यूनिट हाफ बिजली बिल योजना छत्तीसगढ़ के हर घर की ज़रूरत थी। इसे बंद कर देने का मतलब है आम आदमी की जेब पर सीधा हमला। कांग्रेस इसका हर स्तर पर विरोध करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि यह सरकार सिर्फ अमीरों की है, जनता की नहीं। कांग्रेस जब सत्ता में थी तब गरीबों के हित में हर योजना बनाई गई थी। चाहे वो 400 यूनिट बिजली राहत हो राशन योजना हो या किसानों की कर्ज माफी। भाजपा इन सबको एक एक कर खत्म कर रही है।

#### प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा

बिजली कार्यालय परिसर में पहले से ही पुलिस बल तैनात था। सीएसपी के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी। प्रदर्शन के दौरान किसी प्रकार की हिंसा या झड़प की स्थिति नहीं बनी और पूरा विरोध शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

#### सौंपा गया ज्ञापन

प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा, जिसमें योजना को पुनः चालू करने की मांग रखी गई है। ज्ञापन में लिखा गया कि यह योजना कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजना थी और इसके बंद होने से लाखों उपभोक्ता प्रताड़ित हो रहे हैं।

## महाजेनको कोल परियोजना शुरू करने ग्रामीणों ने की मांग




**रायगढ़।** गारे-पेलमा सेक्टर-II कोल ब्लॉक के शीघ्र संचालन, रोजगार और मुआवज़े की मांग को लेकर तामनार ब्लॉक के ढोलनारा, डोलेसरा, चितवाही, पाता, भालूनारा, मुड़ागांव, सरायटोला और कुंजेमुरा समेत कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण 6 अगस्त को रायगढ़ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि परियोजना में वर्षों से देरी हो रही है, जिससे न रोजगार मिला, न मुआवज़ा। ग्रामीणों ने कहा कि खदान शुरू हो ताकि अधिग्रहण और पुनर्वास की प्रक्रिया आगे बढ़े।

ग्रामीणों ने मांग की कि स्थानीय युवाओं को नौकरी में प्राथमिकता दी जाए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और महिलाओं के लिए योजनाएं शुरू की जाएं। उन्होंने बताया कि अब तक केवल सर्वे ही हुआ है, जबकि अधिग्रहण और मुआवज़ा लंबित है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुआवज़ा वितरण कानून के तहत होगा। रोजगार के लिए ग्रामीण आवेदन करें, प्रशासन समन्वय करेगा। अस्पताल निर्माण की मांग पर भी विचार किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ बाहरी तत्व परियोजना को जानबूझकर रोक रहे हैं जिससे विकास थमा है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि घोषित परियोजना को अब और लंबित न किया जाए, वरना उनका सपना टूट जाएगा।

## सरिया में सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति का पुनर्गठन



**सरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति सरिया का पुनर्गठन किया गया। जिसमें पूर्व समिति को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति सदस्यों की मांग के अनुसार पंचानन दास को पुनः व्यवस्थापक और अरविंद प्रधान (अधिवक्ता) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

गुरुवार को आयोजित इस आयोजन में विभाग प्रमुख लक्ष्मण प्रसाद कटकवार (रायगढ़) एवं विद्या भारती जिला प्रतिनिधि गणेश यादव की उपस्थिति में यह पुनर्गठन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और अतिथियों के स्वागत के साथ की गई। व्यवस्थापक पंचानन दास ने समिति के दो वर्षीय कार्यकाल का प्रगति विवरण प्रस्तुत करते हुए पूर्व समिति को भंग करने की घोषणा की। तत्पश्चात उपस्थित प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में नये समिति का विधिवत गठन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग प्रमुख लक्ष्मण कटकवार ने कहा कि, सरस्वती शिशु मंदिर, सरिया एक अनुशासित, संस्कारित और प्रगतिशील शिक्षण संस्था है।

PAWAN CONSULTANCY
• MBBS, MS/MD • BDS, MDS • BAMS • BHMS • BNYS • BPT • NURSING • PARAMEDICAL • D. PHARMA • B. PHARMA • M. PHARMA
• B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture • AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR • ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY • BBA, MBA • LLB, LLM • BCA, MCA • VETERINARY • B.Lib, M.Lib • Nursery to Class 12th (All subject) • All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC) • PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
• Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
• Education Loan Facility • On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

### घरघोड़ा न्यायालय का फैसला

## विक्षिप्त महिला से बलात्कार और हत्या के दोषी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

बलात्कार एवं हत्या जैसे जघन्य अपराध के एक मामले में घरघोड़ा स्थित अपर सत्र न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को सुनाया। अदालत ने आरोपी आशीष कुमार डनसेना को न सिर्फ उम्रकैद दी, बल्कि भारतीय दण्ड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 3 अलग-अलग सजाएं सुनाते हुए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने प्रकरण का विवरण देते हुए बताया कि यह मामला थाना कापू क्षेत्रांतर्गत ग्राम का है, जहाँ पीड़िता जो कि मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। गांव के एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। समारोह स्थल के पास की एक परछी में जब वह बैठी थी, उसी समय आरोपी आशीष डनसेना वहां पहुंचा और उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद उसने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए उसके सिर, कोहनी व चेहरे पर गंभीर चोट पहुंचाई। घटना के बाद घायल पीड़िता को प्राथमिक इलाज के लिए कापू अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे तुरन्त पत्थलगांव अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के लिए ले जाते समय ही रास्ते में पीड़िता की मृत्यु हो गई। पीड़िता के भतीजे की शिकायत पर कापू थाना में पहले धारा 323, 294 व 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। लेकिन जब पत्थलगांव अस्पताल में मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, तब चिकित्सा अधिकारी ने रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि पीड़िता के साथ उसकी मृत्यु से पूर्व दुष्कर्म किया गया था। इस आधार पर पुलिस ने अपराध में धारा 376 (बलात्कार) और धारा 302 को भी जोड़ा।



#### सीसीटीवी फुटेज में उठाकर ले जाते हुए दिखा था आरोपी

जांच के दौरान घटनास्थल के पास स्थित एक दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, जिसमें स्पष्ट रूप से आरोपी आशीष डनसेना को पीड़िता को जबरन उठाकर ले जाते हुए देखा गया, और फुटेज में यह भी देखा गया कि पीड़िता उसका विरोध कर रही थी। थाना प्रभारी कापू द्वारा सूक्ष्म और तथ्यपरक विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य इकट्ठा कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने सभी गवाहों के बयान, सीसीटीवी फुटेज और पोस्टमार्टम रिपोर्ट जैसे साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए दण्डादेश जारी किया।




